हरिभूमि
# रत्न भूमि
रायपुर, रविवार 8 फरवरी 2026

13 इटली के पर्यटकों ने संतों से लिया आशीर्वाद...

14 गुरुजन ही बच्चों को सही दिशा देने वाले सच्चे ...




आवश्यकता है
कपड़े एवं रेडीमेड दुकान में काम करने के लिये
•सेल्समेन-सेल्सगर्ल
•कम्प्यूटर कार्य के लिये लड़के/लड़कियां
•लेडिस स्टॉफ
आकर्षक वेतन दिया जाएगा
काका होजियरी
फोन : 9893744470

# पहाड़ियों में डंप विस्फोटकों का हथियार जखीरा बरामद, हथियार कारखाना ध्वस्त

## ओडिशा सीमा पर ई-30 टीम की बड़ी सफलता, जिले में नक्सल हिंसा की संभावना खत्म

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद/ मैनपुर

ओडिसा सीमा से लगे ग्राम भालूडिग्गी व मेटाल की पहाड़ी श्रृंखला में जिला पुलिस बल गरियाबंद की ई-30 ऑप्स टीम ने सर्च अभियान चलाकर माओवादियों द्वारा डम्प कर रखे गए हथियारों, बीजीएल सेल तथा हथियार बनाने के उपकरणों का बड़ा जखीरा बरामद किया है। यह कार्रवाई डीजीएन डिवीजन द्वारा विभिन्न स्थानों पर छिपाकर रखे गए हथियारों की सूचना के आधार पर की गई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, जनवरी 2026 में आत्मसमर्पण कर मुख्यधारा में लौटे माओवादियों से गहन पूछताछ के दौरान प्रतिबंधित संगठन सीपीआई माओवादी की ओडिसा राज्य कमेटी के शीर्ष नेतृत्व द्वारा गरियाबंद-ओडिसा सीमा की पहाड़ियों में हथियार व वर्कशॉप सामग्री डम्प किए जाने की सूचना प्राप्त हुई थी। इसके बाद 06 फरवरी 2026 को जिला मुख्यालय से ई-30 ऑप्स टीम को रवाना किया गया। लगातार 36 घंटे चले सर्च अभियान के दौरान टीम ने छह अलग-अलग स्थानों से हथियार और अन्य सामग्री बरामद की। बरामद सामग्री में 02 इंसास रायफल, 01 नग 303 रायफल, 02 नग 12 बोर, 01 देशी कट्टा, 01 सुरका (देशी बीजीएल लांचर), 02 सिंगल शॉट हथियार, 127 जिंदा राउंड, 08 मैग्जीन, 22 बीजीएल सेल, इलेक्ट्रिक वायर का बंडल तथा हथियार निर्माण व मरम्मत में उपयोग होने वाले विभिन्न उपकरण शामिल हैं। पुलिस के अनुसार माओवादी ▶▶|शेष पेज 12 पर





### बरामद हथियार

हथियार 57, कारतूस 300, मैग्जीन 21 इनमें ग्रेडेड ऑटोमेटिक हथियार 28 तथा अन्य हथियार 29 शामिल हैं। इलेक्ट्रिक डेटोनेटर 240 नॉन इलेक्ट्रिक डेटोनेटर 17, आईईडी बम 07, कार्डेक्स वायर लगभग 100 मीटर पुलिस अधिकारियों ने संयुक्त पुलिस बल की इस कार्रवाई को क्षेत्र में शांति और सुरक्षा की दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया है।

## कुंभ कल्प : हर-हर महादेव के जयघोष में गूंजी धर्म नगरी

# राजिम कुंभ कल्प में निकली नागा साधुओं की शाही पेशवाई, भस्म रमाए संतों ने किया शस्त्रों का प्रदर्शन




हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

राजिम कुंभ कल्प मेला के दौरान धर्म नगरी राजिम में नागा साधुओं ने भव्य पेशवाई निकाली, जो सनातन परंपरा का साक्षी बना। नागा साधुओं द्वारा भस्म रमाएं, जटा लहराते और पारंपरिक अस्त्र-शस्त्र धारण किए इस जुलुस ने पूरे नगर को हर-हर महादेव के जयघोष से गुंजायमान कर दिया। शनिवार को दोपहर 12 बजे के बाद नागा साधुओं की टोली लोमष ऋषि आश्रम से रवाना होकर राजिम स्थित भगवान दत्तात्रेय मंदिर पहुंची। बैंड-बाजा, डमरू, नगाड़ा और शंखनाद की गूंज के बीच नागा संतों ने अपनी उपस्थिति से वातावरण को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया। पेशवाई के दौरान नागा साधु विभिन्न स्थानों पर अस्त्र-शस्त्र का प्रदर्शन करते हुए पारंपरिक करतब दिखाते नजर आए, जिसे देख श्रद्धालु रोमांचित हो उठे। दत्तात्रेय मंदिर पहुंचकर नागा साधु-संतों ने विधि-विधान से



पूजा-अर्चना, हवन एवं विशेष धार्मिक अनुष्ठान संपन्न किए। इसके पश्चात आराध्य देव भगवान दत्तात्रेय को भोग अर्पित कर प्रसादी ग्रहण की गई। मंदिर परिसर में नागा साधुओं द्वारा शस्त्र प्रदर्शन किया गया, जो सनातन धर्म की रक्षा और ▶▶|शेष पेज 12 पर

### विधायक रोहित ने किया स्वागत

नागा साधुओं की पेशवाई का विधायक रोहित साहू ने स्वागत वंदन किया। पेशवाई के मेला क्षेत्र में प्रवेश करते ही विधायक साहू ने नागा साधुओं का पुष्पवर्षा कर अभिनंदन किया तथा उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि नागा साधु सनातन संस्कृति, तपस्या और त्याग के प्रतीक हैं तथा उनकी उपस्थिति से राजिम कुंभ कल्प की आध्यात्मिक गरिमा और भी बढ़ गई है। पेशवाई यात्रा में जूना अखाड़ा के अध्यक्ष महंत उमेशानंद गिरी, गोपाल गिरी महाराज, दिगम्बर संतोष गिरी महाराज, गोकुलगिरी महाराज, सिद्धेश्वरी पुरी महाराज, पद्मनीपुरी महाराज , राजिम एसडीएम विशाल महाराणा, मेला आयोजन समिति के सदस्य प्रतापचंद पारख, राजिम तहसीलदार मयंक अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में साधु संत शामिल हुए। वहीं सुरक्षा की दृष्टि से राजिम थाना प्रभारी अमृत लाल साहू पुलिस टीम के साथ सुरक्षा व्यवस्था में लगे हुए थे, ताकि किसी प्रकार का कोई व्यवधान उत्पन्न न हो।

### साधु के लिए माला और भाला दोनों जरूरी : गणेशानंद गिरि

मध्यप्रदेश मंडल के संतश्री महंत स्वामी गणेशानंद गिरी महाराज ने बताया कि राजिम कुंभ कल्प में सात अखाड़े से करीब 200 साधु संत पहुंचे हुए हैं। इनमें से पंचदशनाम जूना अखाड़ा, पंचदशनाम आवाहन अखाड़ा, पंचदशनाम अग्नि अखाड़ा, पंचदशनाम महानिवार्णी अखाड़ा, पंचदशनाम निरंजनी अखाड़ा, पंचदशनाम अटल अखाड़ा, पंचदशनाम आनंद अखाड़ा हैं। सभी अखाड़ा के अलग-अलग देवी देवता होते हैं जो पूजनीय है। उन्होंने बताया कि साधु के लिए जितना माला जरूरी है उतना ही भाला भी है। जो धर्म विरुद्ध काम करेंगे हम शस्त्र और शास्त्र दोनों तरह से समझाएंगे।

# दुतकैया मामले में कलेक्टर ने दिए जांच के आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम




राजिम थाना क्षेत्र के ग्राम दुतकैया में दो समुदाय विवाद के चलते हुई आगजनी एवं तोड़फोड़ की घटना को गंभीरता से लेते हुए जिला प्रशासन ने मजिट्रियल जांच के आदेश जारी किए हैं। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी बीएस उइके द्वारा जारी आदेश के अनुसार मामले की जांच के लिए अनुविभागीय दण्डाधिकारी राजिम विशाल महाराणा को जांच अधिकारी नियुक्त किया गया है। जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक गरियाबंद द्वारा भेजे गए प्रतिवेदन में बताया गया है कि 1 फरवरी 2026 को ग्राम दुतकैया में दो समुदायों के बीच विवाद के चलते तनाव की स्थिति उत्पन्न हो गई थी। इस दौरान एक पक्ष द्वारा दूसरे पक्ष के घरों में आगजनी और तोड़फोड़ की घटना को अंजाम दिया गया, जिससे गांव में तनाव का माहौल बन गया। जिला प्रशासन ने घटना की गंभीरता को देखते हुए विस्तृत जांच कराने का निर्णय लिया है। जांच अधिकारी को निर्देशित किया गया है कि आगजनी एवं हिंसक घटना किन परिस्थितियों में हुई तथा इसके लिए जिम्मेदार व्यक्तियों की पहचान करें। साथ ही गांव में जनहानि, संपत्ति नुकसान सहित अन्य प्रकार की हानि का भी परीक्षण कर विस्तृत प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके अलावा प्रशासन ने भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए आवश्यक सुझाव भी प्रस्तुत करने कहा है।

## खबर संक्षेप

### बसना थाना क्षेत्र के शराब भट्ठी के पास मारपीट

**महासमुंद।** शराब भट्ठी के पास मारपीट की घटना में एक व्यक्ति के साथ मारपीट के मामले में बसना थाने में आरोपी के विरूद्ध अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस को दया कोसरिया ने बताया कि 06 फरवरी को वह गांव के खेमराज हिरवानी की सगाई कार्यक्रम में सम्मिलित होने ग्राम तोषगांव गया था। दोपहर करीबन 1 बजे गांव के रतन खुंटे ने उसे बताया कि अर्जुन सिंह मिरी को कुछ लोग पझरापाली जाने के रोड स्थित शराब भट्ठी के पास मारने के लिए दौड़ा रहे है, तब वह रतन खुंटे के साथ वहां पर गया और देखा तो कुछ लोग हाथ में डंडा पकड़े अर्जुन सिंह मिरी को मारने के लिए दौड़ा रहे थे। तब उसने और रतन ने बीच बचाव कर झगड़ा विवाद करने से रोका। खाना खाने के बाद करीबन 3 बजे वह रतन के साथ शराब भट्ठी तोषगांव के पास गया था, तभी पहले से उपस्थित रितेश के द्वारा उसके साथ गाली गलौज किया गया। मना करने पर हाथ में पहने चूड़ा से मारपीट की। मामले में आरोपी के विरूद्ध धारा 115(2), 296 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### जमीन विवाद को लेकर मारपीट

**महासमुंद।** ग्राम सिनोधा के ईदगाह भाठा के पास जमीन विवाद को लेकर मारपीट के मामले में पटेवा आने में अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस को प्रार्थी अरशद खान ने बताया कि ग्राम सिनोधा के ईदगाह भाठा में हमारी काबिज जमीन है, जिसके सीमांकन के लिये तहसील कार्यालय पटेवा में आवेदन दिया था। इसके बाद सीमांकन के लिए राजस्वह विभाग से कर्मचारी अधिकारी 6 फरवरी को आये थे, उसी समय गांव के यासीन खान, मो. रफीक खान एवं उसके परिवार के लोगों के द्वारा सीमांकन करने नहीं देंगे कहकर प्रार्थी के साथ गाली गलौज कर मारपीट की गई। साथ ही घर को जलाने और जान से मारने की धमकी दी गई। इस दौरान बीच बचाव करने आये युवराज ध्रुव के साथ भी मो रफीक खान द्वारा डंडे से मारपीट किया है। मामले की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 115 (2), 296, 3 (5), 351 (3) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

### सिरपुर में साहू समाज का शपथ ग्रहण समारोह आज

**महासमुंद।** धार्मिक नगरी सिरपुर के संत कर्मा माता मंदिर प्रांगण में आज 8 फरवरी को साहू समाज परिक्षेत्र सिरपुर का शपथ ग्रहण समारोह होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला साहू संघ के अध्यक्ष ढालूराम साहू करेंगे। सामाजिक पदाधिकारियों ने सजातीय बंधुओं से इस कार्यक्रम में सादर उपस्थित होने की बात कही है।

### घर के सामने खड़ी बाइक चोरी

**महासमुंद।** ग्राम तोरला में एक घर के सामने खड़ी बाइक चोरी के मामले में पटेवा थाने में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है। प्रार्थी कृष्णा यादव ने बताया कि वह अपने ससुराल ग्राम तोरला रहता है। 1 फरवरी को वह अपनी मोटर सायकल हीरो होंडा पैशन प्रो क्रमांक सीजी 04 डीआर 2200 को ग्राम तोरला के करण सोडी के घर के सामने बाहर में खड़ी कर रायपुर गया था। रात में करीबन 11.30 बजे करण सोडी ने फोन कर बताया कि मोटर सायकल को 10 से 11 बजे के बीच किसी अज्ञात चोर ने चोरी कर लिया।

# 13 साल का नन्हा नागा साधु बना आकर्षण का केंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम



कुंभ कल्प मेला में पेशवाई के दौरान दत्तात्रेय मंदिर में अन्य नागा साधुओं के साथ 13 साल का बच्चा नागा साधू भी पहुंचे हुए थे। बताया कि वे पिछले 4 साल से नागा साधु बने हुए है अभी मेरी उम्र 13 साल की है। 9 साल की उम्र में ही साधु संस्कृति की ओर इनका झुकाव हो गया था। बताया कि मेरा मन लगा और साधुओं के सानिध्य में आने के चलते उनके द्वारा दिये गये ज्ञान को आत्मसात किया और सीधे नागा साधु बन गया। शिक्षा दीक्षा के बारे में पूछा तब बताया कि वह संस्कृत पढ़ते हैं। सुबह 3:00 बजे उठ जाते हैं 4 बजे स्नान करने के लिए चले जाते हैं उसके बाद जप, तप, ज्ञान, माला जाप इत्यादि कृत्य में लीन हो जाते हैं। 9 साल की उम्र में मां-बाप का अपने बच्चों को छोड़ना बहुत मुश्किल होता है ऐसे में इस नन्हे नागा साधु का कहना है कि मेरे माता-पिता साधु संस्कृति से प्रभावित थे, इसलिए उन्होंने रोका नहीं। इसी तरह से यहां साधु संतों के आश्चर्य चकित करने वाले अनेक दृश्य देखे जा रहे हैं एक साधु तो 1100 रुद्राक्ष को अपने सिर पर रखे हुए हैं। दत्तात्रेय मंदिर में ही बैठे एक साधु ने बताया कि मुझे 30 बार हार्ट अटैक आ चुका है लेकिन फिर भी जिंदा हूं। जिसको राम रखेगा उसे मारेगा कौन? सब कुछ ऊपर वाले के हाथ में है। यह कुंभ पर्व भारतीय संस्कृति, संस्कार, समृद्धि एवं परंपराओं को पल्लवित कर रही है।

# कनसिघी में टेनिस बाल क्रिकेट प्रीमियम लीग स्पर्धा आज से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला




ग्राम कनसिघी में 8 फरवरी से टेनिस बाल प्रीमियम लीग प्रतियोगिता का 8 जनवरी को आगाज़ होगा। यह आयोजन ईटन गार्डन मैदान कनसिघी में खेला जाएगा। इस आयोजन के प्रथम पुरस्कार 15001 हजार रुपए भोजराज नागेश सरपंच के द्वारा वहीं द्वितीय ईनाम 10001 हजार रूपए समस्त ग्रामवासी के द्वारा, तृतीय पुरस्कार 5001 हजार रुपए जनपद सदस्य मिलन्तीन कुंजाम, और चतुर्थ ईनाम 3001 हजार रुपए हास्टल अधीक्षक देवप्रकाश साहू द्वारा प्रदान किया जाएगा। वहीं पुरस्कार के साथ ट्राफी से भी नवाजा जाएगा। इस आयोजन में मैनआफ द सीरीज, बेस्ट बैट्समैन, बेस्ट बालर, बेस्ट आलराउंडर,मैन ऑफ द मैच ( फाइनल) ट्राफी, सेमीफाइनल एवं सेमीफाइनल एवं फाइनल में मेंडल, सेमीफाइनल एवं फाइनल में ट्राफी आदि खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया जाएगा। इस आयोजन में ग्राम प्रमुख, शिक्षक, व्यापारी व ग्रामीण का विशेष सहभागिता निभा रहे हैं। साथ ही साथ प्रत्येक मैच में हैट्रिक छक्के पर 50 रुपए, प्रत्येक मैच में हैट्रिक चौंक लगाने पर 30 रुपए, प्रत्येक मैच में हैट्रिक विकेट लेने पर 50 रूपए पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। इस टूर्नामेंट में प्रवेश शुल्क 650 रुपए रखा गया है। इस आयोजन को सफल बनाने के लिए साहित्य क्रिकेट क्लब के सभी सदस्यगण व ग्रामवासी जुटे हुए हैं।

# उदंती रिजर्व में फिर गूंजी बाघ की दहाड़, रेड कॉरिडोर अब बना टाइगर कॉरिडोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर



- उदंती में एक बार फिर हुई बाघ की वापसी वन अमला को मिले ताजे पैरों के निशान

उदंती सीतानदी टाईगर रिजर्व में आखिरकार फिर से बाघ की वापसी हुई है बता दें वन अमला को जनवरी 2026 में रिजर्व क्षेत्र के जंगल में गश्त के दौरान बाघ के मल व ताजे पैरों के निशान मिले हैं उदंती सीतानदी टाईगर रिजर्व के उपनिदेशक वरुण जैन ने इसकी पुष्टि कर दी है और वन अमला द्वारा ग्रामीणों से सतर्क रहने की लगातार अपील की जा रही हैं वन अमला द्वारा लगातार रिजर्व क्षेत्र में नजर बनाई हुई है जिससे बाघ के भ्रमण क्षेत्र की पूरी निगरानी कर सके। ज्ञात हो कि इससे पहले उदंती सीतानदी टाईगर रिवर्ज में बाघ की मौजुदगी का प्रमाण मिलते रहे है तथा फोटो भी कैमरे में कैद हुए है ताजा पदचिन्ह मिलने से न केवल वन्य जीव क संरक्षण को बल मिला है बल्कि क्षेत्र में जैविक विविधता के पुर्नजीवन की उम्मीद भी मजबूत हुई है वन विभाग ने स्थानीय ग्रामीणों से सर्तक रहने की अपील करते हुए कहा है कि किसी भी वन्य जीव की गतिविधी की सूचना तत्काल विभाग को दिया जाए। बस्तर–गढ़चिरौली क्षेत्र में सीआरपीएफ द्वारा संचालित नक्सल विरोधी अभियानों के साथ–साथ उदंती–सीतानदी टाइगर रिज़र्व (यूएसटीआर) द्वारा किए गए शिकार–रोधी अभियान और अतिक्रमण हटाने की कार्रवाइयों ने जंगलों के स्वास्थ्य को बहाल करने में मदद की है, जिससे निष्क्रिय पड़े टाइगर कॉरिडोर सक्रिय हो गए हैं यह कॉरिडोर ताडोबा–अंधारी टाइगर रिज़र्व (चंद्रपुर–गढ़चिरौली, महाराष्ट्र) को इंद्रावती टाइगर रिज़र्व (बीजापुर, छत्तीसगढ़) से जोड़ता है, जो आगे चलकर यूएसटीआर और ओडिशा के सुनाबेड़ा वन्यजीव अभयारण्य से जुड़ता है। यूएसटीआर टीम ने गढ़चिरौली, पखांजूर और बीजापुर में संयुक्त शिकार–रोधी अभियान चलाए हैं और रिज़र्व क्षेत्र से 750 हेक्टेयर अतिक्रमण हटाया है पिछले 9 महीनों में यूएसटीआर ने इस कॉरिडोर से 3 बाघों की आवाजाही दर्ज की है मध्य प्रदेश (2022 की गणना में 785 बाघ) और महाराष्ट्र (444 बाघ) में बाघों की संख्या लगभग संतृप्त हो चुकी है, जिसके कारण नर बाघ नए क्षेत्र खोजने के लिए बाहर निकल रहे हैं। हालाँकि यूएसटीआर ने 700 किलोमीटर दूर से बाघों को आकर्षित करने में सफलता पाई है, लेकिन रिज़र्व में कोई मादा बाघ न होने के कारण यह अस्थायी बाघों को ज्यादा समय के लिए रोक नहीं पा रहा है सामान्यतः बाघिनें केवल 100–150 किलोमीटर तक जाती हैं, जबकि नर बाघ 1500 किलोमीटर तक घूम सकते हैं मई 2025 में यूएसटीआर में फोटो खींचा गया एक नर बाघ अब बर्नवापारा वन्यजीव अभयारण्य में कैमरे में ▶▶|शेष पेज 12 पर

## मानस सम्मेलन हरदीभाठा में उमड़ा पड़ा आस्था का जनसैलाब

# रामकथा के श्रवण से सद्भावना का होता है उदय और पंच विकार होते हैं समाप्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर




तहसील मुख्यालय से लगे ग्राम हरदीभाठा में 6 से 8 फरवरी तक प्रदेश स्तरीय श्रीराम चरित मानस सम्मेलन का आयोजन किया गया है। मानस सम्मेलन के दूसरे दिन शनिवार को आस्था का जनसैलाब उमड़ पड़ा। सुबह 09 बजे से क्षेत्रभर से हजारों की संख्या में श्रद्धालुगण मानस सम्मेलन में पहुंचने लगे दोपहर 02 बजे तक हरदीभाठा मानस सम्मेलन स्थल में पैर रखने के लिए जगह नहीं था, चारो तरफ श्रद्धालुओं की अपार भींड से पूरा हरदीभाठा व मैनपुर नगर धार्मिकमय नजर आ रहा है, तीसरे दिन रविवार को अंतिम दिवस देर अर्ध रात्रि तक मानस सम्मेलन में विभिन्न नामचित प्रदेश के मानस परिवारों द्वारा मानसगान किया जायेगा और उपस्थित श्रध्दालुओं द्वारा मानस मंडलियों को भी प्रोत्साहन राशि दिलखोलकर भेंट कर रहे है, चारो तरफ जय जय श्रीराम के जयकारे लगे रहे है तो क्षेत्र व जिलेभर से विभिन्न जनप्रतिनिधि व वरिष्ठ नागरिक इस सम्मेलन में शामिल होने पहुच रहे है, मानस सम्मेलन में पैरीगंगा मानस परिवार देहारगुड़ा, जय मारूति मानस परिवार गरियाबंद, जय मां कर्मा मनस परिवार फरसिया नगरी, जय शारदे मानस मंडली सांकरा नगरी, जय शीतला मानस परिवार धवलपुर, सिद्धेश्वर मानस परिवार तिल्दा बलोदाबजार, जय भोला मानस परिवार भाठीगढ़, श्रृंगी ऋषी मानस परिवार सिहावा, सुरसरिता मानस परिवार ओड़िसा, बस्तरीया मानस परिवार कोण्डागांव, जय भवानी मानस परिवार छोटेगोबरा, जय गुरूदेव साकिर्तन मंडली छुरा ▶▶|शेष पेज 12 पर

## खबर संक्षेप

### शराब व निर्माण सामग्री बरामद

**महासमुंद।** सरायपाली पुलिस ने एक युवक के कब्जे से महुआ शराब व निर्माण सामग्री बरामद कर आरोपी के विरूद्ध मामला दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि मुखबिर द्वारा सूचना मिलने सुखापाली में छापामारकर आरोपी हमीद बर्मन पिता स्व. भुनेश्वर बर्मन (19 वर्ष) सुखापाली के कब्जे से कुल 30 लीटर हाथ भट्टी महुआ शराब कीमत 6000 रुपए एवं शराब निर्माण करने की सामग्री बर्तन व मोटर सायकल बिना नंबर का एवं नकदी रकम 6740 रुपए तथा 2 नग मोबाईल कुल कीमत 30000 रुपए को जब्त कर आरोपी के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

### माता यशोदा की जयंती पर की पूजा-अर्चना

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में माता यशोदा की जयंती पर पूजा अर्चना की गई। संतोष महाराज ने कहा कि माता यशोदा जयंती को बड़ी धूमधाम से मनाई। पृथ्वी से अत्याचार और अधर्म का नाश कर धर्म की स्थापना के लिए भगवान कृष्ण ने जन्म लिया था। कारागार में माता देवकी ने कृष्ण को जन्म दिया, लेकिन उनका पालन पोषण माता यशोदा ने किया। इस अवसर पर राधिका वैष्णव, हिरेंद वैष्णव आदि मौजूद रहे।

### कॉलेजों में होगा मिलेट कैफे का संचालन

**सरायपाली।** शासकीय महाविद्यालयों मे मिलेट कैफे के संचालन स्व-सहायता समहों के माध्यम से कराया जाना है। मिलेट कैफे के संचालन हेतु महाविद्यालयों की सूची पत्र के साथ संलग्न है। चिन्हांकित महाविद्यालयों में मिलेट कैफे के संचालन के लिए चिन्हांकित स्थल अथवा उसके आसपास 2 किलोमीटर से 5 किलोमीटर की दूरी में कार्यरत एवं सकिय ऐसे महिला स्व-सहायता समूह जो मिलेट कैफे के संचालन में रूचि रखते हो उनका आवेदन के लिए आमंत्रित किया गया है। आवेदन सोमवार तक महिला बाल विकास के परियोजना कार्यालय मे समयावधि में प्रारूप के साथ जमा कर सकते है।

### बीईओ ने किया स्कूल का निरीक्षण

**सरायपाली।** नवागढ़ संकुल आश्रित शासकीय प्राथमिक शाला पोड़ापाली में विकासखंड शिक्षा अधिकारी टीसी पटेल, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी डीएन दीवान, विकासखंड स्त्रोत केंद्र समन्वयक देवानंद नायक, वरिष्ठ प्राचार्य सीएल पुहूप, संकुल समन्वयक खिरोद्र सोनी का आगमन हुआ। स्कूल के आकर्षक बाह्य वातावरण, सुव्यवस्थित कक्षा-कक्ष, सुलभ प्रिंट रिच, विद्यार्थियों के कक्षागत दक्षता, शैक्षिक-नवाचार एवं जन समुदाय को जोड़कर शाला विकास के लिए किए जा रहे कार्यों को देखकर निरीक्षण दल ने संस्था प्रमुख पीएन दास की भूरि-भूरि प्रशंसा की। कक्षा पहली एवं दूसरी के विद्यार्थियों द्वारा क्रमशः 9 और 8 का पहाड़ा अबाध गति से सुनाए जाने पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी टीसी पटेल द्वारा प्रत्येक विद्यार्थी को 50-50 रुपए नगद प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई। शाला में हो रहे शैक्षिक नवाचारों को बढ़ावा देने के लिए विखं शि.अ. पटेल के द्वारा संस्था प्रमुख को 1000 रुपए दान राशि प्रदान की गई। साथ ही शासकीय प्राथमिक शाला पालीडीह का औचक निरीक्षण किया। दिशानिर्देश और मार्गदर्शन दिए।

### विकसित भारत जीरामजी को लेकर हुई कार्यशाला

**सांकरा।** बसना विधानसभा अंतर्गत अटल समरसता भवन सांकरा में मंडल स्तरीय विकसित भारत जीरामजी कार्यशाला का आयोजन हुआ। इस अवसर पर भाजपा मंडल सांकरा संगठन के सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यशाला में मुख्य अतिथि पूर्व विधायक सरायपाली रामलाल चौहान उपस्थित रहे। कार्यक्रम में संगठन के कई वरिष्ठ पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति ने कार्यशाला को मार्गदर्शनपूर्ण बनाया। सांकरा मंडल संगठन प्रभारी दुबे लाल साहू, सहप्रभारी सुशीलकांति पटेल, जिला उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार साहू, वरिष्ठ भाजपा नेता कैलाश अग्रवाल, महामंत्री द्वय मनोज बारीक व झाड़ू राम परमार आदि मौजूद रहे।

---

**शिविर : छात्रों की सेवा और रचनात्मक कार्यों से ग्रामीण प्रभावित**

# गोहरापदर नवीन कॉलेज के एनएसएस शिविर का समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

ग्राम पंचायत डुमाघाट में शासकीय नवीन महाविद्यालय गोहरापदर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में ग्राम पंचायत डुमाघाट के सरपंच यशवंत मरकाम उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता शासकीय नवीन महाविद्यालय गोहरापदर के प्राचार्य डॉ. टीएस सोनवानी ने की। वहीं विशेष अध्यक्षता शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला डुमाघाट के सतीश कुमार यादव द्वारा की गई। कार्यक्रम अधिकारी सनत कुमार बघेल सहित महाविद्यालय के स्टाफ सदस्य डॉ. रेवचंद दंता, पंकज कुमार तिवारी, देवदत, मोहनिस बघेल, संगीता साहू, यशिका नामदेव, दिना नाथ उपस्थित रहे। शिविर में छै वालेंटियर विष्णुचरण सोना एवं लोकेश कुमार नायक की विशेष भूमिका रही। इसके अतिरिक्त अतिथि के रूप में श्री खितजी सोनवानी एवं बाल कृष्ण दुर्गा भी उपस्थित रहे। समापन अवसर पर मुख्य अतिथि यशवंत




मरकाम ने स्वयंसेवकों के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि युवाओं को समाज में नशा मुक्ति एवं जागरूकता फैलाने के लिए सतत प्रयास करना चाहिए। अध्यक्षीय उद्बोधन में प्राचार्य डॉ. टीएस सोनवानी ने कहा कि एनएसएस शिविर छात्रों में सेवा, अनुशासन और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना को मजबूत करता है। कार्यक्रम के अंत में सभी स्वयंसेवकों को सहभागिता हेतु धन्यवाद ज्ञापित किया गया तथा समाज को नशामुक्त बनाने के लिए निरंतर जागरूकता अभियान चलाने का संकल्प लिया गया। यह जानकारी



कार्यक्रम अधिकारी सनत कुमार, सहायक कार्यक्रम अधिकारी फाल्गुन सिंह नागेश एवं प्राचार्य डॉ. टीएस सोनवानी द्वारा दी गई।

**एनएसएस के प्रमुख उद्देश्य और लक्ष्य**

सामुदायिक जुड़ावरू समुदाय की आवश्यकताओं और समस्याओं को पहचानना और उनके समाधान के लिए काम करना। व्यक्तित्व विकासरू सामुदायिक सेवा के माध्यम से स्वयंसेवकों में नेतृत्व, आत्मविश्वास, और सामाजिक-नागरिक जिम्मेदारी विकसित करना। सामाजिक चेतनारू शिक्षित युवाओं और ग्रामीणध्वंचित समुदायों के बीच एक सेतु बनाना, जिससे वे वास्तविक जीवन की समस्याओं को समझें। कौशल विकास आपदा प्रबंधन, आपात स्थितियों, और सामुदायिक भागीदारी को संगठित करने में कौशल हासिल करना। राष्ट्रीय एकता विभिन्न पृष्ठभूमि के युवाओं के बीच राष्ट्रीय एकता, सामाजिक सद्भाव और लोकतांत्रिक दृष्टिकोण को बढ़ावा देना। व्यावहारिक ज्ञानरू किताबी ज्ञान का उपयोग सामाजिक समस्याओं के व्यावहारिक समाधान खोजने में करना।

---

# खिलेश्वर ठाकुर का सीआरपीएफ में चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

तहसील मुख्यालय मैनपुर से महज 12 किलो मीटर दूर घने जंगल के अंदर बसे एक छोटे से गांव लेड़ीबहार का युवक खिलेश्वर ठाकुर का चयन केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल सीआरपीएफ के लिए हुआ है और प्रशिक्षण पूरा कर युवक पहलीबार जब मैनपुर क्षेत्र के गौरघाट पहुंचे तो पूरा गांव और क्षेत्र के लोग उनके स्वागत में उमड़ पड़े फूलमाला आरती उतार कर भव्य स्वागत किया गया आतिशबाजी की गई। इस दौरान भारत माता की जय गगनभेदी जयकारे लगाए गए। गौरघाट से युवक अपने गांव लेड़ीबहार पहुंचे तो जगह जगह उनका ऐतिहासिक स्वागत किया गया और क्षेत्र के लोगों ने उन्हे बधाई दी। उल्लेखनीय है कि ग्राम लेड़ीबहार घने जंगल के अंदर बसा एक छोटा सा गांव है और इस गांव में पहुंचने के लिए आज तक पक्की सड़क का निर्माण भी नही किया गया है। खिलेश्वर ठाकुर पिता पीलसाय ठाकुर अपना प्रारंभिक शिक्षा लेड़ीबहार प्रथमिक शाला एवं हाई स्कूल देहारगुड़ा तथा 12 हायर सेकडरी स्कूल मैनपुर में शिक्षा ग्रहण किया है मिली जानकारी के अनुसार उनकी पोस्टींग श्रीनगर में हुआ है। खिलेश्वर ठाकुर केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल में 44 सप्ताह का कठोर प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद जब मैनपुर अपने गृह ग्राम लौटे तो




यह खुशी का क्षण सिर्फ परिवार तक सीमित नहीं रहा बल्कि पूरे क्षेत्र के लोग जवान के स्वागत में उमड़ पड़े। इस मौके पर प्रमुख रूप से गोपालपुर सरपंच कंवलीबाई ,देहारगुड़ा सरपंच महेश दीवान, खेलन दीवान, श्रवण ओटी, देवन नेताम, गाड़ाराय, महेश, जागेश्वर ओटी, गणेश साण्डे, गेंदलाल, पवन दीवान, जोहर ओटी, किर्तन ओटी, सियाराम ओटी, यमराज ओटी, सोहन नागेश, रेवन दीवान, टिकेन्द्र, लोकेश साण्डेय, डिगेश्वरी साण्डे, धन्सू दीवान, पिन्टू मरकाम, हन्नु मरकाम, सेवन दीवान, हन्नु सर, राधे"याम साण्डे, शिवदयाल साण्डे, लुजेश दीवान, छबी दीवान, प्रेमसाय जगत,किशन ध्रुव, भोलेराम ध्रुव, चमरूराम, प्रतिक वान्दले, गुमान यादव, जीवन लाला, उमंग ठाकुर, बया ठाकुर एवं बड़ी संख्या में क्षेत्रभर के लोग उपस्थित थे।

---

## चंडी बिजली सबस्टेशन की सड़क एवं गेट निर्माण अधूरे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अभनपुर

ग्राम चंडी स्थित 33/11 केवी सब स्टेशन तक पहुँचने वाली सीसी सडक़ एवं मुख्य गेट का निर्माण कार्य लंबे समय से अधूरा पड़ा हुआ है। तय समय-सीमा समाप्त होने के बावजूद कार्य पूर्ण न होने से विभागीय कर्मचारियों, वाहनों एवं स्थानीय ग्रामीणों को असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। उक्त निर्माण कार्य की जिम्मेदारी ट्रिपल एस कंस्ट्रक्शन के ठेकेदार प्रदीप नगपुरे को सौंपी गई थी। उक्त संबंध मे पूर्व मे ठेकेदार प्रदीप नगपुरे से चर्चा की गई थी, तब उन्होंने सीसी सडक़ एवं गेट निर्माण कार्य एक सप्ताह के भीतर पूर्ण करने का आश्वासन दिया था, लेकिन आज तक न तो सीसी सडक़ बन पाई है और न ही मुख्य गेट का कोई अता-पता है।



स्थानीय सूत्रों के अनुसार यह कार्य ग्राम चंडी के सरपंच राजू धीवर को सौंप दिया गया था। उनके द्वारा कार्य प्रारंभ तो किया गया, लेकिन केवल बेस गिट्टी डालकर कार्य आधा-अधूरा छोड़ दिया गया है। न तो पानी की तराई की जा रही है और न ही कार्य को आगे बढ़ाया जा रहा है। पानी न डालने के कारण सीसी रोड के लिए डाली गई बेस पूरी तरह धूलयुक्त हो चुकी है, जिस पर पैर रखते ही मलबा उखड़ रहा है, जिससे निर्माण की गुणवत्ता पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं।

इस संबंध में ठेकेदार प्रदीप नगपुरे एवं सरपंच राजू धीवर से दूरभाष के माध्यम से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन दोनों की ओर से कोई जवाब नहीं मिला। सूत्रों की मानें तो निर्माण कार्य में अनावश्यक देरी एवं लापरवाही को लेकर संबंधित ठेकेदार पर विभाग द्वारा पेनल्टी लगाए जाने की जानकारी भी सामने आ रही है।

## इवेंट सिस्टम ने मेले की आत्मा को खत्म कर दिया : टीकमचंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

राजिम कुंभ कल्प मेले को लेकर भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता टीकमचंद साहू ने मौजूदा व्यवस्थाओं पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि यह मेला वर्ष 2004 में तत्कालीन डॉ. रमन सिंह सरकार के कार्यकाल में प्रारंभ हुआ था और उस समय के प्रभावशाली मंत्री बृजमोहन अग्रवाल के प्रयासों से इस धार्मिक आयोजन ने देश ही नहीं, बल्कि दुनिया में भी अपनी अलग पहचान बनाई थी। टीकमचंद साहू ने कहा कि उस दौर में राजिम कुंभ कल्प मेला केवल आयोजन नहीं, बल्कि आस्था, संस्कृति और रोजगार का महासंगम हुआ करता था। देशभर से साधु-संतों की मानो बाढ़ आ जाती थी। शंकराचार्य, महामंडलेश्वर और अनेक प्रतिष्ठित संतों का आगमन होता था, जिससे मेले की गरिमा अपने चरम पर रहती थी। उन्होंने कहा कि उस समय मंच, टेंट, भोजन, साज-सज्जा से लेकर हर कार्य में स्थानीय लोगों को प्राथमिकता दी जाती थी, जिससे



हजारों परिवारों को सीधा रोजगार मिलता था। मेला स्थानीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ बन गया था। इस बार इवेंट ने सब कुछ बिगाड़ दिया। मौजूदा व्यवस्था पर निशाना साधते हुए टीकमचंद साहू ने कहा कि इस बार मेले को इवेंट सिस्टम के हवाले कर दिया गया, जिसने पूरे स्वरूप का सत्यानाश कर दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि न तो साधु-संतों जैसा माहौल रहा, न ही आम श्रद्धालुओं की सहभागिता दिख रही है और न ही स्थानीय लोगों को रोजगार मिला है। उन्होंने कहा कि करोड़ों रुपये खर्च होने के बावजूद मेले की आत्मा गायब नजर आ रही है। कार्यक्रमों में भीड़ नहीं है, व्यवस्था अव्यवस्थित है और मंदिर क्षेत्र को हाशिए पर डाल दिया गया है। टीकमचंद साहू ने प्रशासन और सरकार से मांग की कि राजिम कुंभ कल्प मेले को फिर से उसकी मूल परंपरा और स्वरूप में लौटाया जाए, स्थानीय लोगों को भागीदारी दी जाए और बाहरी इवेंट संस्कृति पर पुनर्विचार किया जाए। उन्होंने कहा कि यदि यही स्थिति बनी रही, तो जनता का आक्रोश और गहराएगा।

## दुल्ला हाईस्कूल में 12वीं के छात्रों को दी गई विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दुल्ला में कक्षा 11 वीं के छात्र-छात्राओं ने कक्षा 12 वीं के विधार्थियों के लिए विदाई समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान 11 वीं और 10 वीं के छात्र छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। वहीं 12 वी के विधार्थियों ने भी गीत, नृत्य सहित अन्य कार्यक्रम प्रस्तुत किए।इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रभारी प्रार्चाय हेमनारायण कोसरिया, अध्यक्षता प्रधानपाठक माध्यमिक शाला लखनलाल ध्रुव, विशेष अतिथि के रूप में याद राम साहू प्रधानपाठक प्राथमिक शाला सहित आमंत्रित अतिथिगण मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुभारंभ सभी अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित कर किया गया। और 11वीं के विद्यार्थियों द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत कर 12 के छात्र छात्राओं का स्वागत किए। तत्पश्चात 11 वीं के विधार्थियों ने सभी अतिथिगण व 12 के छात्र छात्राओं को गुलाल चंदन और बेंच लगाकर सम्मान किया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर उल्लास, भावनाओं और उत्साह से सराबोर नजर आया। कार्यक्रम को संबोधित करते संस्था के प्रभारी




प्राचार्य हेमनारायण कोसरिया ने कहा कि परिश्रम, अनुशासन और आत्मविश्वास ही सफलता की कुंजी है। अध्यक्षता कर रहे प्रधानपाठक लखनलाल ध्रुव ने परीक्षार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि विदाई प्रत्येक विद्यार्थी के लिए भावुक क्षण होता है, उन्होंने परीक्षार्थियों को बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया। इसी कड़ी में विशेष अतिथि के बतौर मंच पर विराजमान प्रधानपाठक यादराम साहू ने कहा छात्र छात्राओं को सदैव अनुशासन में रहने, अपने माता-पिता और गुरुजनों का आदर करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बच्चों से परीक्षा के समय सोशल मीडिया से दूर रहने और मन लगाकर पढ़ाई करने की अपील की। शिक्षक चंदूराम बघेल ने अपने संबोधन में कहा कि जीवन का हर पल महत्वपूर्ण होता है। इसलिए समय का सदुपयोग कर लक्ष्य पर केंद्रित रहना चाहिए। बच्चों को भविष्य में सफल नागरिक बनने शुभकामनाएं दी। वहीं 11,10,9 वीं के विधार्थियों द्वारा 12 वी के छात्र छात्राओं का तिलक लगाकर एवं पेन व काफी भेंटकर सम्मान किया गया। इस दौरान विद्यालय के कई छात्र विदाई समारोह को लेकर काफी उत्साहित दिखे तो वहीं कई छात्र छात्राएं भावुक नजर आए। इस अवसर पर प्राथमिक शाला, माध्यमिक शाला और हाईस्कूल के समस्त छात्र-छात्राओं और तीनों स्कूलों के शिक्षक शिक्षिकाए उपस्थित थे।

## युवा संगम कार्यक्रम 21 को, तैयारी जोरों पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अभनपुर

अभनपुर में आगामी 21 फरवरी को आयोजित होने वाले युवा संगम को लेकर तैयारियाँ तेज़ हो गई हैं। इसी क्रम में शिशु मंदिर अभनपुर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की बैठक संपन्न हुई, जिसमें कार्यक्रम की रूपरेखा और सहभागिता को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में जानकारी दी गई कि अभनपुर विकासखंड में निवासरत 18 से 35 वर्ष आयु वर्ग के युवक-युवतियाँ इस युवा संगम में भाग ले सकते हैं। खंड कार्यवाह बोधिराम चंद्राकर ने बताया कि सम्मेलन हेतु 10 फरवरी से 20 फरवरी तक ऑनलाइन पंजीयन की व्यवस्था की गई है। कार्यक्रम में हजारों युवाओं के शामिल होने की संभावना जताई जा रही है।

युवा संगम के संयोजक राधेश्याम साहू ने बताया कि इस सम्मेलन में विभिन्न क्षेत्रों में रुचि रखने वाले



महाविद्यालय एवं विश्वविद्यालय में अध्ययनरत प्रतिभावान छात्र-छात्राएँ, युवा किसान, व्यवसायी एवं समाज के सक्रिय युवा बड़ी संख्या में सम्मिलित होंगे। बैठक में प्रमुख रूप से जिला कार्यवाह लोकनाथ साहू, सह खंड कार्यवाह प्रदीप गजेंद्र, इंद्रजीत देवांगन, देवेंद्र वर्मा, भुवन लाल निषाद, निकेश पटेल, खुमेश यदु सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## अमृत भारत योजना के करोड़ों के बजट के बाद भी बुनियादी सुविधाओं का अभाव, यात्री परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

भारतीय रेलवे की अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत जिला मुख्यालय रेलवे स्टेशन के कायाकल्प के लिए करोड़ों रुपए स्वीकृत किए गए हैं। स्टेशन को आधुनिक रूप देने के लिए निर्माण कार्य जारी है, लेकिन वर्तमान में यहां आने वाले यात्रियों को मूलभूत सुविधाओं के लिए भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्टेशन के सौंदर्यीकरण पर ध्यान दिए जाने के बीच यात्री पीने के पानी, खान-पान और सुगम आवाजाही जैसी प्राथमिक जरूरतों के लिए संघर्ष कर रहे हैं। स्टेशन पर चल रहे विकास कार्यों के बीच सबसे अधिक परेशानी दिव्यांगों और वरिष्ठ नागरिकों को हो रही है। करोड़ों के इस प्रोजेक्ट में फुट ओवरब्रिज का विस्तार तो किया जा रहा है, लेकिन एक प्लेटफार्म से दूसरे प्लेटफार्म तक जाने के लिए दिव्यांगों के लिए कोई सरल या सुगम वैकल्पिक व्यवस्था उपलब्ध नहीं है।

**खान-पान और पेयजल का संकट**

स्टेशन परिसर के भीतर यात्रियों के लिए खान-पान की व्यवस्था न के बराबर है। वर्तमान में स्टेशन के अंदर एक भी स्टाल संचालित नहीं हो रहा है। लंबी दूरी की यात्रा करने वाले लोगों और छोटे बच्चों के साथ सफर कर रहे परिवारों को दूध, बिस्कुट या नाश्ते के लिए स्टेशन परिसर से बाहर जाना पड़ता है। महिला यात्रियों के अनुसार, ट्रेन के इंतजार के दौरान स्टेशन छोड़कर बाहर जाना सुरक्षा की दृष्टि से भी चिंताजनक होता है। पेयजल की स्थिति भी संतोषजनक नहीं है। स्टेशन पर लगे अधिकांश नलों में पानी की आपूर्ति बाधित है और वाटर वेंडिंग मशीनें अक्सर बंद रहती हैं। यात्रियों और दैनिक यात्रियों का मानना है कि रेलवे स्टेशन की सौंदर्यीकरण तभी सार्थक होगा जब वहां बुनियादी सुविधाएं सुचारू रूप से कार्य करेंगी। यात्रियों का कहना है कि निर्माण कार्य के दौरान भी व्यवस्थाओं को प्राथमिकता दी जाए जिसमें प्लेटफार्मों के बीच दिव्यांगों के लिए रैंप या सुगम रास्ता हो, स्टेशन के भीतर खान-पान के स्टालों की उपलब्धता हो, स्वच्छ पेयजल की नियमित आपूर्ति हो एवं दिव्यांग शौचालयों को उपयोग के लिए खोले जाने चाहिए।

---

पेज 11 के शेष...

### पहाड़ियों में डंप...

टेक्निकल टीम शीर्ष नेतृत्व की निगरानी में आईईडी व देशी हथियार निर्माण के साथ ऑटोमेटिक हथियारों की मरम्मत का कार्य करती थी। पुलिस ने बताया कि पिछले डेढ़ वर्ष से चलाए जा रहे नक्सल उन्मूलन अभियान ऑपरेशन विराट के तहत धमतरी-गरियाबंद-नुआपाड़ा डिवीजन के सक्रिय माओवादियों को आत्मसमर्पण या निष्क्रिय करने में सफलता मिली है। हालिया बरामदगी के बाद क्षेत्र में माओवादी हिंसा की संभावना लगभग समाप्त होने का दावा किया गया है। गरियाबंद जिले में वर्ष 2025-26 में नक्सलियों से व्यापक संख्या में हथियार जप्त किया गया है।

### राजिम कुंभ कल्प...

तपस्वी परंपरा का प्रतीक माना जाता है। अनुष्ठान पश्चात भगवान दत्तात्रेय को भव्य पालकी में विराजित कर पेशवाई यात्रा का शुभारंभ किया गया। यह पेशवाई दत्तात्रेय मंदिर से निकलकर सुंदरलाल शर्मा चौक, व्हीआईपी मार्ग, राजीवलोचन-कुलेश्वर मार्ग से होते हुए संत समागम परिसर स्थित नागा संतों के पंडाल तक पहुंची। वहां विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर भगवान दत्तात्रेय को स्थापित किया गया। पूरी पेशवाई यात्रा के दौरान नगरवासियों एवं मेला क्षेत्र में आए श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर नागा संतों का स्वागत किया। सड़कों के दोनों ओर श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी रहीं। राजिम नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु इस अलौकिक दृश्य के साक्षी बने और नागा साधुओं का आशीर्वाद प्राप्त कर स्वयं को धन्य महसूस किया। नागा साधुओं की यह पेशवाई राजिम कुंभ कल्प की आध्यात्मिक गरिमा, सनातन परंपरा और अखाड़ा संस्कृति को जीवंत रूप में प्रस्तुत करती नजर आई, जिसने श्रद्धालुओं के मन में भक्ति और विश्वास को और अधिक प्रगाढ़ कर दिया।

### उदंती रिजर्व में...

कैद हुआ है, जिसकी पहचान उसकी शरीर की धारियों से हुई है। इसी तरह, 2022 में तेलंगाना के कवाल टाइगर रिज़र्व से 700 किलोमीटर दूर यूएसटीआर आया एक नर बाघ 2023 में ओडिशा के देब्रीगढ़ वन्यजीव अभयारण्य में चला गया। यूएसटीआर में 2 बाघिनों को मध्य प्रदेश से स्थानांतरित करने की योजना पहले से ही एनटीसीए की मंजूरी के लिए लंबित है।

**आईटीआर-यूएसटीआर कॉरिडोर का भविष्य**-यह कॉरिडोर भविष्य में राजकीय वन्य पशु जंगली भैंसों और हाथियों के लिए भी अत्यंत महत्वपूर्ण साबित होगा पूवएँ पड़ोसी राज्यों में गैर-वन गतिविधियों के कारण हाथियों की आवाजाही लगातार छत्तीसगढ़ की ओर बढ़ रही है आईटीआर-यूएसटीआर कॉरिडोर बस्तर के जंगलों की ओर बढ़ते हाथियों के लिए भविष्य का प्रवेश द्वार होगा उत्तर बस्तर कांकेर जिले ने पहले ही महाराष्ट्र से पखांजूर और यूएसटीआर से सरोना में हाथियों की आवाजाही दर्ज की है साथ ही, केंद्रीय भारतीय परिदृश्य में बड़े पैमाने पर वन्यप्राणी रहवास सुधार की योजनाएं भी चल रही हैं, जिससे इंद्रावती-पामेड़ में स्थित वन-भैंसों की आबादी को यूएसटीआर से जोड़ा जा सके। उदंती सीतानदी टाईगर रिजर्व के उपनिदेशक वरूण जैन ने बताया कि उदंती सीतानदी टाईगर में पिछले तीन वर्षों में अलग-अलग जगहों से तीन नए बाघ आए है और इसकी पुष्टी भी हो चूकी है और पिछले 9 माह में दो नये बाघ आने की भी पुष्टी हुई है ज्यादा लम्बा समय तक बाघ नहीं रूकने के पिछे मादा बाघिन नहीं होना इस वजह से यहां मध्यप्रदेश से दो बाघिन लाने का प्रपोजल है।

### श्रीराम कथा के...

द्वारा मानस गान प्रस्तुत किया गया है। वहीं तीसरे दिन नव ज्योति मानस परिवार हरदीभाठा बालमित्र मानस परिवार गरियाबंद, मधुरिमा मानस परिवार बड़ौदा चौंक महासमुंद, प्रज्ञा मानस परिवार सोरीद खुर्द, पैरी गंगा मानस परिवार भठगांव एवं श्रीराम मानस परिवार पिपरहटा छुरा द्वारा मानसगान की प्रस्तुति दी जयेगी। इस मौके पर प्रमुख रूप से इस मौके पर प्रमुख रूप से पंडित योगेश शर्मा, लालाराम पटेल, धनसाय सोनवानी, महेन्द्र पटेल, शेखर पटेल, विश्राम यादव, रफीक खान,रामसय निर्मलकर, सुकराम निर्मलकर, राजकुमार सोनवानी, श्याम विश्वकर्मा, डोमार पटेल, रमेश ठाकुर, पंचम राम पटेल, खगेश्वर साहू, रामजी साहू, थानुराम पटेल, भागीरथी निषाद, सरपंच मालती बाई, लोचन निर्मलकर, यातिराम पटेल, लखन जगत, सुन्दर निर्मलकर, लोचन साहू, रामरतन पटेल, महेन्द्र पटेल, सुनील साहू, मुरारी पटेल, मुकुन्द निर्मलकर, उमेन्द्र निर्मलकर, पुष्पेन्द्र पटेल, चन्द्रशेखर, तेजेश्वर सोनवानी, द्रोणाचार्य पाडेय, मनोज निर्मलकर, सवितानंद साहू, रोशन पटेल, चुम्मन पांडेय सहित हजारों की संख्या में क्षेत्रभर के लोग शामिल हुए।

**भगवान राम के नाम लेने से जीवन में खुशिया आती है : शर्मा**-भगवान श्रीराम कथा के श्रवण से मन के राग, द्वेश, ईर्ष्या और भेदभाव स्वतः समाप्त हो जाते हैं राम का नाम अनमोल है राम का नाम लेने से जीवन में खुशिया आती है जिसके हृदय में प्रभु के प्रति भाव जागते है जिस पर हरि कृपा होती है वह मनुष्य ही श्रीराम कथा में शामिल होता है। उक्त बाते श्रीराम चरित मानस सम्मेलन में पंडित योगेश शर्मा ने कही। श्री शर्मा ने आगे कहा ग्राम हरदीभाठा में तीन दिवसीय श्रीराम चरित मानस सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है इस सम्मेलन में शामिल होने हजारों की संख्या में क्षेत्रभर से लोग यहां पहुंच रहे है निश्चित रूप से ऐसे धार्मिक कार्यक्रमों के आयोजन से गांव क्षेत्र में एकता सदभावना भाईचारा के साथ खुशिया आती है और धार्मिक कार्यक्रमों के आयोजन से गांव में एकता की भाव जागृत होता है।

## खबर संक्षेप

### भक्ति व सेवा के साथ मोंगरा में भागवत कथा का समापन



छुरा। आध्यात्मिकता और श्रद्धा के संगम के साथ ग्राम मोंगरा में आयोजित श्रीमद् भागवत महापुराण कथा का भव्य समापन हुआ। कथा के दौरान पूरा गांव भक्ति के रंग में सराबोर रहा। भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं का रसपान कर ग्रामीणों ने न केवल पुण्य लाभ अर्जित किया, बल्कि अपनी अटूट श्रद्धा का परिचय भी दिया। कथा के अंतिम दिवस पर, श्रीमद् भागवत महापुराण के प्रति अपनी गहरी आस्था व्यक्त करते हुए समस्त ग्रामवासियों की ओर से सामूहिक रूप से 1001 रुपये की राशि चढ़ावा (भेंट) के रूप में अर्पित की गई। ग्रामीणों का कहना है कि यह राशि केवल धन नहीं, बल्कि प्रभु के चरणों में उनके समर्पण का प्रतीक है। कथा के उपरांत आयोजित होने वाले विशाल भंडारे (महाप्रसाद) के लिए भी ग्रामवासियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। समस्त ग्रामवासियों द्वारा सामूहिक रूप से 1001 रुपये की विशेष सहयोग राशि प्रदान की गई, ताकि भंडारे का आयोजन सुचारू रूप से संपन्न हो सके और कोई भी श्रद्धालु प्रसाद से वंचित न रहे। सामूहिक सहयोग के साथ-साथ कई ग्रामीणों ने अपने सामर्थ्य अनुसार व्यक्तिगत रूप से भी दान पुण्य किया। यह आयोजन ग्राम मोंगरा की एकता और धार्मिक एकजुटता की एक अनूठी मिसाल बनकर उभरा है। श्रीमद् भागवत कथा केवल श्रवण का विषय नहीं, बल्कि जीवन में उतारने का मार्ग है। ग्रामवासियों का यह सहयोग उनकी सेवा भावना को दर्शाता है।

### इटली से पहुंचे पर्यटक राजिम कुंभ के वैभव से हुए अभिभूत

# इटली के पर्यटकों ने संतों से लिया आशीर्वाद बोले यह भारत की आत्मा से जुड़ा जीवंत उत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम



छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक पहचान बन चुके राजिम कुंभ कल्प की ख्याति अब देश की सीमाओं को पार कर विदेशों तक पहुंचने लगी है। इटली से आए 8 से 10 विदेशी पर्यटकों के दल ने राजिम कुंभ मेला क्षेत्र में पहुंचकर भारतीय सनातन परंपरा और संत संस्कृति का सजीव अनुभव किया। विदेशी पर्यटक पहले कुंभ कल्प के संत समागम परिसर पहुंचे, जहां उन्होंने विभिन्न अखाड़ों के संत-महात्माओं से भेंट कर आशीर्वाद लिया। संतों के सान्निध्य में उन्होंने ध्यान, साधना और भारतीय जीवन दर्शन के विषय में जानकारी प्राप्त की। इस दौरान विदेशी श्रद्धालु भारतीय संस्कृति की गहराई और आध्यात्मिक ऊर्जा से विशेष रूप से प्रभावित नजर आए। पर्यटकों ने मेला क्षेत्र का भ्रमण करते हुए त्रिवेणी संगम, साधु-संतों के शिविर, यज्ञ मंडप, सांस्कृतिक मंच और शासकीय स्टॉल का भ्रमण किया। उन्होंने राजिम कुंभ के सुव्यवस्थित आयोजन, स्वच्छता, सुरक्षा व्यवस्था और लोकसंस्कृति की विविधता की खुलकर प्रशंसा की। इटली से आए पर्यटक गजेंद्र नथावत, फाबियो मुनारी, पेपिनो मुनारी, जिओलियाना मुनारी, मोरेनो मोंटिको एवं रोसान्जेला लोमेंटी ने मीडिया से चर्चा में अपनी भावनाएं व्यक्त करते हुए कहा कि राजिम कुंभ केवल एक धार्मिक मेला नहीं, बल्कि यह भारत की आत्मा से जुड़ा एक जीवंत उत्सव है। यहां आध्यात्म, संस्कृति और मानवता का अदभुत संगम देखने को मिलता है। संतों का आशीर्वाद, लोगों की सरलता और परंपराओं की भव्यता हमें भीतर तक छू गई। यह अनुभव हमारे लिए अविस्मरणीय रहेगा। पर्यटकों ने बताया कि राजिम घूमने के बाद वे रायपुर के लिए रवाना होंगे, इसके बाद जबलपुर होते हुए दिल्ली जाएंगे। मेला परिसर में विदेशी सैलानियों को देख स्थानीय श्रद्धालुओं और दर्शकों में भी उत्सुकता



दिखाई दी। कई लोग उनके साथ सेल्फी लेते और टूटी-फूटी अंग्रेजी में संवाद करते नजर आए। विदेशी पर्यटक नागा साधुओं के साथ भगवान दत्तात्रेय मंदिर भी पहुंचे, जहां पेशवाई के लिए उपस्थित साधु-संतों से भेंट कर वे अत्यंत प्रसन्न दिखे। उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व इजराइल से आए विदेशी पर्यटकों ने भी राजिम कुंभ में संगम तट पर पहुंचकर नदी और मेले के हर दृश्य को अपने कैमरे में कैद किया था।

### संतों के सान्निध्य में ली ध्यान और साधना की जानकारी

छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक पहचान बन चुके राजिम कुंभ कल्प में विदेशी पर्यटकों के दल ने राजिम कुंभ मेला क्षेत्र में पहुंचकर भारतीय सनातन परंपरा और संत संस्कृति का सजीव अनुभव किया। विदेशी पर्यटक पहले कुंभ कल्प के संत समागम परिसर पहुंचे, जहां उन्होंने विभिन्न अखाड़ों के संत-महात्माओं से भेंट कर आशीर्वाद लिया। संतों के सान्निध्य में उन्होंने ध्यान, साधना और भारतीय जीवन दर्शन के विषय में जानकारी प्राप्त की। इस दौरान विदेशी श्रद्धालु भारतीय संस्कृति की गहराई और आध्यात्मिक ऊर्जा से विशेष रूप से प्रभावित नजर आए। पर्यटकों ने मेला क्षेत्र का भ्रमण करते हुए त्रिवेणी संगम, साधु-संतों के शिविर, यज्ञ मंडप, सांस्कृतिक मंच और शासकीय स्टॉल का भ्रमण किया। उन्होंने राजिम कुंभ के सुव्यवस्थित आयोजन, स्वच्छता, सुरक्षा व्यवस्था और लोकसंस्कृति की विविधता की खुलकर प्रशंसा की। मीडिया से चर्चा में अपनी भावनाएं व्यक्त करते हुए कहा कि राजिम कुंभ केवल एक धार्मिक मेला नहीं, बल्कि यह भारत की आत्मा से जुड़ा एक जीवंत उत्सव है। यहां आध्यात्म, संस्कृति और मानवता का अदभुत संगम देखने को मिलता है। संतों का आशीर्वाद, लोगों की सरलता और परंपराओं की भव्यता हमें भीतर तक छू गई। यह अनुभव हमारे लिए अविस्मरणीय रहेगा। कई लोग उनके साथ सेल्फी लेते और टूटी-फूटी अंग्रेजी में संवाद करते नजर आए। विदेशी पर्यटक नागा साधुओं के साथ भगवान दत्तात्रेय मंदिर भी पहुंचे, जहां पेशवाई के लिए उपस्थित साधु-संतों से भेंट कर वे अत्यंत प्रसन्न दिखे। उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व इजराइल से आए विदेशी पर्यटकों ने भी राजिम कुंभ में संगम तट पर पहुंचकर नदी और मेले के हर दृश्य को अपने कैमरे में कैद किया था।

# आश्रम परिसर से गंदगी और कचरा सफाई की गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

खबर का असर



तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर के बालक, कन्या आश्रम छात्रवास परिसर में कीचड़ और गदंगी और उससे उठने वाले दुर्गंध के कारण मच्छर पनपने से अब आश्रम में पढ़ाई करने वाले बच्चे बीमारी के शिकार होने लगे थे लगातार इस समस्या का समाधान के मांग करने के बावजूद जिम्मेदारों द्वारा इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा था, सैकड़ों आदिवासी बच्चों के सेहत के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है और तो और बजबजाती इस गंदी कीचड़ के आसपास बच्चे माध्यन भोजन व भोजन करने मजबूर हो रहे थे। इस खबर को हरिभूमि ने 2 फरवरी को प्रमुखता के साथ प्रकाशित किया था साथ ही ब्लाक कांग्रेस द्वारा इस मामले को लेकर आन्दोलन की चेतावनी भी दिया गया था जिसके बाद जिला प्रशासन ने इस मामले को गंभीरता से लिया और 24 घण्टे के भीतर आश्रम परिसर से किचड़, गंदगी बजबजाती नाली को साफ कर चारो तरफ मुरम रेत डालकर चकाचक कर दिया गया अब जाकर यहां के बच्चों ने राहत की सांस ली। ज्ञात हो कि मैनपुर नगर के इस परिसर में पोस्ट मैट्रिक कन्या छात्रवास, पोस्ट मैट्रिक अनुसूचित जाति बालक छात्रवास, प्री मैट्रिक आदिवासी बालक छात्रवास एंव आदिवासी बालक आश्रम कुल 04 आश्रम छात्रवास संचालित हो रहा है आश्रम परिसर में पिछले एक साल से चारो तरफ कीचड़ गंदा पानी भर गया था स्थिति यह हो गई थी कि बच्चे इस कीचड और गदंगी को पैदल पार कर स्कूल आने जाने के लिए मजबूर हो रहे थे और माध्यन भोजन रसोई का पानी इसी में मिल जाने के कारण इस कीचड़ और गंदगी से बेहद खतरनाक दुर्गंध बदबू आ रही है जंहा 05 मिनट भी ठहरना मुश्किल हो गया था और इस सबसे के बावजूद 500 से ज्यादा आदिवासी बच्चे इस परिसर में पढ़ाई कर रहे हैं। परिसर में कीचड़ और गदंगी भर जाने से खेलकुद सारी गतिविधियां भी बंद हो गई है और इसी के बीच बच्चे दिनभर रहते है जिसके कारण सर्दी, खांसी, बुखार के संख्या बढ़ती जा रही है आए दिनों यहां के बच्चे अस्पताल में ईलाज कराते दिखाई दे रहे हैं , बावजूद इसके इस समस्या के समाधान के लिए संबधित विभाग और स्थानीय अधिकारियों द्वारा कोई कदम नहीं उठाने से समस्या का समाधान नहीं हो रहा था।

# विकसित भारत की दिशा में ऐतिहासिक बजट : आकाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम



राजिम नगर पंचायत के सभापति आकाश राजपूत ने केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट को विकसित भारत के लक्ष्य की ओर अग्रसर करने वाला एक दूरदर्शी, संतुलित एवं जनकल्याणकारी बजट बताया। कहा कि यह बजट आम नागरिकों के साथ-साथ युवाओं, महिलाओं, किसानों, श्रमिकों और मध्यम वर्ग के हितों को मजबूती प्रदान करता है। बजट में शिक्षा, कौशल विकास, रोजगार सृजन, स्टार्टअप्स, बुनियादी ढांचे और नगरीय विकास को विशेष प्राथमिकता दी गई है, जिससे नगर पालिका क्षेत्रों सहित छोटे शहरों और कस्बों के समग्र विकास को नई गति मिलेगी। स्वच्छता, आवास, पेयजल और शहरी सुविधाओं के विस्तार के लिए किए गए प्रावधान सराहनीय हैं। सभापति राजपूत ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के कुशल और दूरदर्शी नेतृत्व में प्रस्तुत यह बजट आर्थिक सशक्तिकरण के साथ-साथ सामाजिक समरसता को भी मजबूती देता है। यह बजट आत्मनिर्भर भारत की अवधारणा को साकार करने की दिशा में एक मजबूत कदम है। हम प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी एवं वित्त मंत्री का इस जनहितैषी और भविष्य निर्माता बजट के लिए आभार व्यक्त करते हैं। हमें पूर्ण विश्वास है कि यह बजट देश और प्रदेश के साथ-साथ नगर पालिका राजिम के विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।







प्रस्तुति- श्यामकिशोर शर्मा, ब्यूरोचीफ, हरिभूमि कार्यालय राजिम, जिला गरियाबंद, मो.नं.-79871-24123

## खबर संक्षेप

### तिमिरेंदु का भाजपा कार्यकर्ता ने स्वागत किया



**छुईहा बेलर।** तिमिरेंदु शेखर सिंह कंवर (समाजसेवी) (मुख्य मंत्री विष्णुदेव साय जी के दमाद) का ग्राम सेंदर प्रथम आगमन पर भाजपा नेता पूर्व सरपंच सेंदर रामाधार साहू के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने गमछा भेंटकर स्वागत सम्मान किया। उनके निवास में जलपान के दौरान संगठन एवं क्षेत्रीय विकास विशेष कर आगामी समय में पांच द्विवसीय राज्य स्तरीय लोक नाचा कार्यक्रम जिसमें छत्तीसगढ़ी लोक विधा की विभिन्न कार्यक्रम प्रख्यात कलाकार की प्रस्तुति आयोजित प्रस्तावित पर मार्गदर्शन एवं सहयोग पर चर्चा कीया। इस मौके पर भाजपा मंडल राजिम अध्यक्ष रिकेश साहू भाजपा प्रदेश मोर्चा सदस्य मनीष हरित, आकाश पांडे, चन्द्रिका साहू, भोजराम नायक सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### बारूला स्कूल में न्योता भोज का आयोजन



**छुईहा बेलर।** शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय बारूला में न्योता भोज का आयोजन शनिवार को किया गया। उक्त न्योता भोज प्रबंध समीति अध्यक्ष होरी लाल साहू अपने जन्म दिन के उपलक्ष्य में मनाया गया। शासन की योजना के अंतर्गत माध्यमिक शाला में न्योता भोज का आयोजन विद्यालय के अध्यक्ष होरी लाल साहू के नेतृत्व में सफलतापूर्वक किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में आपसी समरसता, सहभागिता एवं शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिवार के सदस्यों एवं अध्यक्ष की गरिमामयी उपस्थिति में सभी छात्र-छात्राओं को स्नेहपूर्वक आमंत्रित कर स्वादिष्ट एवं पौष्टिक व्यंजन परोसे गए। विद्यार्थियों ने अत्यंत उत्साह एवं आनंद के साथ भोजन ग्रहण किया। न्योता भोज के आयोजन से विद्यालय में सकारात्मक वातावरण बना तथा विद्यार्थियों के चेहरे पर प्रसन्नता स्पष्ट रूप से दिखाई दी। अंत में सभी उपस्थित जनों ने शासन की इस सराहनीय योजना की प्रशंसा करते हुए कार्यक्रम की सफलता के लिए आयोजकों का आभार व्यक्त किया। सीएमसी अध्यक्ष के द्वारा केक काटा गया और पूरे विद्यालय परिवार की ओर से होरी लाल साहू सीएमसी अध्यक्ष को शुभकामनाएं दिया गया। इस मौके पर बहुरी बाई साहू, संकुल समन्वयक श्री भुवन लाल यादव शिक्षा विद् कमलेश कुमार साहू, केशर साहू, अनिता बांधे रहे। इससे पहले परम्परा अनुसार कार्यक्रम का शुरुआत मां सरस्वती के पूजा आराधना से हुआ।

### गरीबों की गाढ़ी कमाई वापस करे सरकार : रोशन

**कोपरा ।** सामाजिक कार्यकर्ता रोशन लाल साहू ने सरकार से मांग किया है कि चिटफंड कंपनी में फंसी राशि को जल्द से जल्द वापस करने की मांग किया है, साहू ने आगे बताया कि गरीब, किसान, मजदूर अपने कमाई के एक एक पैसे को चिटफंड कंपनी में जमा किया था कि भविष्य में अपने बच्चों के शिक्षा, शादी घर द्वार के लिए आवश्यक काम आयेगा लेकिन अचानक कंपनी बंद होने से गरीब किसान मजदूर को बहुत ही दुःख हुआ है, क्योंकि बड़े ही आशा विश्वास से एजेंट लोग ने विश्वास दिलाकर राशि जमा कराया था, और अचानक कंपनी बंद हो गई जिसमे लाखों करोड़ों गरीब किसान मजदूर का पैसा चिटफंड कंपनी में फंस गया, वर्तमान सरकार ने विश्वास दिलाया है कि चिटफण्ड कंपनी में फंसे राशि को वापस करेंगे इसी वादे और विश्वास से गरीब किसान मजदूर आस लगाएं बैठे है कि हमारा चिटफट कंपनी के राशि वापस मिलेगा तो उस राशि को अपने घर परिवार बच्चों के भविष्य में लगाएंगे करके, तो सरकार से मांग करते हैं कि गरीब किसान मजदूर के दुःख पीड़ा को समझते हुए जल्द से जल्द चिटफंड कंपनी की राशि को वापस करे।

## आयोजन

### लइका मड़ई कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने दी सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति

# गुरुजन ही बच्चों को सही दिशा देने वाले सच्चे शिल्पकार : साहू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

पीएमश्री शासकीय हरिहर हायर सेकंडरी स्कूल में शनिवार को आयोजित लईका मड़ई कार्यक्रम ने यह सिद्ध कर दिया कि शिक्षा केवल कक्षा तक सीमित नहीं होती, बल्कि जब उसे संस्कृति, सृजनशीलता और संस्कारों से जोड़ा जाता है, तब उसका प्रभाव कहीं अधिक गहरा होता है। यह आयोजन पीएमश्री योजना की मूल भावना-समग्र, समावेशी और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा-का जीवंत उदाहरण बनकर सामने आया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित विधायक इंद्रकुमार साहू ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि पीएम श्री योजना का उद्देश्य बच्चों को आधुनिक शिक्षा के साथ भारतीय संस्कृति और नैतिक मूल्यों से जोड़ना है। लईका मड़ई जैसे आयोजन बच्चों को मंच, आत्मविश्वास और अपनी पहचान गढ़ने का अवसर देते हैं, जो इस योजना की आत्मा के अनुरूप है। श्री साहू ने लईका मड़ई के सुसज्जित मंच से सरल और प्रेरक शब्दों में कहा कि विद्यालय केवल पढ़ाई का केंद्र नहीं, बल्कि चरित्र निर्माण की प्रयोगशाला होते हैं। उन्होंने शिक्षकों की भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि पीएमश्री विद्यालयों में शिक्षक बच्चों के भीतर छिपी प्रतिभा को पहचानकर उसे सही दिशा देने का कार्य कर रहे हैं। शिक्षा का उद्देश्य केवल पुस्तकीय ज्ञान देना नहीं, बल्कि बच्चों के व्यक्तित्व को संवारना और उन्हें समाज के प्रति संवेदनशील बनाना है। लईका मड़ई के सुसज्जित मंच से उन्होंने बच्चों को सरल, प्रेरक और शिक्षाप्रद शब्दों में जीवन मूल्यों का महत्व समझाया, जिसे विद्यार्थियों ने ध्यानपूर्वक आत्मसात किया। श्री साहू ने कहा कि इस प्रकार के सांस्कृतिक आयोजन बच्चों में आत्मविश्वास, अनुशासन और मंचीय साहस को विकसित करते हैं। उन्होंने शिक्षकों की भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि गुरुजन ही बच्चों को सही दिशा देने वाले सच्चे शिल्पकार होते हैं, और ऐसे आयोजन शिक्षकों के मार्गदर्शन का ही प्रतिफल हैं। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों में लोकसंस्कृति, अनुशासन और रचनात्मकता का सुंदर समावेश देखने को मिला।







**ये रहे शामिल**-इस गरिमामय समारोह में नगर पालिका अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू मौजूद रहे। नपा अध्यक्ष ने बच्चों को अपनी शुभकामनाएं दी। मंच पर मंडल अध्यक्ष नागेंद्र वर्मा, नपा उपाध्यक्ष भूपेंद्र सोनी, अशोक गंगवाल, पार्षद लोमेश्वरी साहू, पूजा कंसारी, जीना निषाद, सचिन सचदेव, मुकुंद मेश्राम, संजीव टिंकू सोनी, सिंटु सौरभ जैन, प्रदीप मिश्रा, साधना सौरज, धनमती साहू, योगिता सिन्हा, हर्षा कंसारी, किरण सोनी, प्रभा बांसवार सहित बड़ी संख्या में अभिभावक, गणमान्य नागरिक, पत्रकार एवं छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

#### बच्चों को संस्कार का कराया जा रहा अनुभव

गीत, नृत्य और प्रस्तुति के हर आयाम में यह स्पष्ट था कि बच्चों को केवल प्रदर्शन नहीं, बल्कि सीख और संस्कार का अनुभव भी कराया जा रहा है। विद्यालय प्रबंधन और शिक्षकों के मार्गदर्शन में आयोजित लईका मड़ई यह संदेश देता है कि पीएमश्री योजना के अंतर्गत जब शिक्षा, संस्कृति और नवाचार एक साथ चलते हैं, तब बच्चों का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित होता है। कार्यक्रम न केवल विद्यार्थियों के लिए यादगार बना, बल्कि अभिभावकों और समाज के लिए भी प्रेरणास्रोत सिद्ध हुआ। कार्यक्रम के समापन पर विद्यालय के प्राचार्य फाखरा दानी मैम ने मुख्य अतिथि एवं सभी सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया। संचालन स्कूल की शिक्षिका सोमा शर्मा ने किया। इस अवसर पर स्थानीय पत्रकारों का पुष्पमाला पहनाकर प्रतीक चिन्ह भेंटकर किया गया।

#### आयोजन बच्चों के भीतर छिपी प्रतिभा को सामने लाने का सशक्त माध्यम हैं

कार्यक्रम केवल एक मंचीय आयोजन नहीं रहा, बल्कि यह विद्यार्थियों के भीतर छिपी प्रतिभा, संस्कार और सांस्कृतिक चेतना को निखारने का एक सशक्त माध्यम बना। विद्यालय परिसर शिक्षा और संस्कृति के सुंदर समन्वय का साक्षी बना। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत गीत, नृत्य और रचनात्मक प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। हर प्रस्तुति में संस्कार, सृजन और सीख का भाव स्पष्ट रूप से झलक रहा था, जो विद्यालय के शैक्षणिक वातावरण की मजबूती को दर्शाता है। विद्यालय प्रबंधन और शिक्षकगणों के सतत प्रयासों से लईका मड़ई एक शिक्षक-प्रेरित, विद्यार्थी-केंद्रित और सांस्कृतिक रूप से समृद्ध आयोजन के रूप में यादगार बन गया। कार्यक्रम ने यह संदेश दिया कि जब शिक्षा और संस्कृति साथ चलती हैं, तब बच्चों का सर्वांगीण विकास स्वतः सुनिश्चित होता है। विधायक श्री साहू ने विद्यालय परिवार को इस अभिनव पहल के लिए बधाई दी और उपस्थित बच्चों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों के भीतर छिपी प्रतिभा को सामने लाने का सशक्त माध्यम हैं और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं।

## सशिमं छुरा से द्वादश का प्रथम बैच विदा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय छुरा में कक्षा द्वादश के भैया बहनों को विदाई दी गई। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती पूजन से हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विजय गुप्ता अध्यक्ष स्थानीय समिति, अध्यक्षता संतोषी यादव व्यवस्थापक स्थानीय समिति छुरा रहे। इस दौरान गुप्ता जी ने कहा कि सरस्वती शिशु मंदिर छुरा का सपना आज पूरा हुआ कि द्वादश कक्षा का प्रारंभ हुआ एवं प्रथम बैच के रूप में आज हम द्वादश कक्षा के भैया बहनों को विदाई दे रहे हैं। समिति के व्यवस्थापक, अध्यक्ष द्वारा भैया बहनों के उज्जवल भविष्य की कामना की गई। इस अवसर पर द्वादश के भैया बहनों द्वारा विद्यालय को इलेक्ट्रिकल बेल भेंट के रूप में दिया गया। कक्षा अष्टम नवम दशम एकादश द्वारा इस विदाई की संपूर्ण व्यवस्था की गई थी। द्वादश के बच्चों के मनोरंजन के लिए विभिन्न प्रकार के खेल का आयोजन किया गया कक्षा द्वादश के प्रथम बेच 2026 के बच्चों का नाम सरस्वती शिशु मंदिर छुरा के इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में लिखा जाएगा। द्वादश के बच्चे आस्था, देविका, गरिमा, हिमांशी, खुशबू, कुमकुम, लेसिका, नम्रता, सुप्रिया, युक्ति, चंद्रप्रभा,




भूमिका, इशिका, लिपाक्षी, फानेश्वर, विकास, आशुतोष, रोहण, पोषण, हिमेश, मेघराज, सौरभ सभी उपस्थित रहे। विद्यालय के प्राचार्य संतोष वर्मा द्वारा आभार व्यक्त किया गया एवं कहा गया कि विदाई तो एक प्रक्रिया है महाविद्यालय हमारे पास नहीं है इसलिए। लेकिन भविष्य में हो सकता है। इस अवसर पर विद्यालय के आचार्य टीकम मरकाम, किरण वर्मा, ओम डहरिया, टोमन ठाकुर, होरीलाल साहू, मनोज निर्मलकर, भारती यादव, मैनाज, अलका सिन्हा, कविता यादव, टेकेश्वरी तारक, निधिका शाह, राहुल सिन्हा, कुंती साहू, गणेशु निषाद, रेखा सोरी, यशोदा साहू, रश्मि हेमलता डिगेश्वरी, हेमू राजू उपस्थित रहे।

## लोहरसी स्कूल में 12वीं के छात्र-छात्राओं को दी गई विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोपरा

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लोहरसी स्कूल में शुक्रवार को कक्षा 11वीं के बच्चों द्वारा 12वीं के छात्र-छात्राओं को भावपूर्ण विदाई दी गई। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता व भीमराव अंबेडकर तथा सरस्वती माता के छायाचित्र पर पुष्प व धूप जलाकर किया गया बच्चों में काफी उत्साह और उमंग देखने को मिल रहा था वही रंग-बिरंगे कपड़े पहन कर 12वीं के छात्र-छात्राएं पहुंचे हुए थे इस दौरान बच्चों ने अनेक रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। आयोजन के दौरान विद्यालय की ओर से बच्चों को कड़ी मेहनत और लगन के साथ आने वाले परीक्षाओं पर फॉक्स डालने को कहा गया और उनके उज्जवल भविष्य के लिए आशीर्वाद प्रदान किया प्राचार्य सहित



शिक्षक शिक्षिकाओं ने सभी बच्चों को उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में अनेक रोचक खेल गतिविधियों के साथ नृत्य-गीत का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने अपने शिक्षकों को धन्यवाद देते हुए विद्यालय से जुड़ी अपनी यादें साझा की। समारोह के अंत में विद्यालय की प्राचार्या ने बच्चों को भावी जीवन की सीख देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। मंच संचालन कक्षा 11वीं की छात्राएं उर्वशी साहू सहयोग पूजा पटेल ने किया। विदाई कार्यक्रम के पश्चात विद्यालय परिवार ने सहभोज का आनंद लिया। इस दौरान छात्र मेषकुमार साहू, टूकेश साहू, नवीन साहू सूरज निर्मलकर रितेश घोघरे, छात्रा उर्वशी साहू पूजा पटेल माही साहू, देविका जांगड़े, नंदनी ध्रुव, पूजा साहू उपस्थित थे।

## सेवानिवृत्त जवान राजेन्द्र का स्वागत



**नवापारा-भेण्डरी।** ग्राम भेण्डरी के जवान राजेन्द्र राव नन्वरे जो भारतीय सेना में नायब सूबेदार पद पर थे वे सेवानिवृत्त होकर अपने गृह ग्राम लौटे। यहां ग्रमीणों ने फूलों की माला पहनाकर देशभक्ति गीतों से स्वागत किया। इस अवसर पर पूर्व सरपंच प्रीतराम देवांगन, रामू राव, कुलदीप राव, ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष नीलकंठ सिन्हा, प्रहलाद ध्रुव, बोधसागर साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी मौजूद थे।

## युवाओं ने लिया नशामुक्त समाज बनाने का संकल्प





हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

ग्राम पंचायत डुमाघाट में शासकीय नवीन महाविद्यालय गोहरापदर की राष्ट्रीय सेवा योजना (रासेयो) इकाई द्वारा आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में ग्राम पंचायत डुमाघाट के सरपंच यशवंत मरकाम उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता शासकीय नवीन महाविद्यालय गोहरापदर के प्राचार्य डॉ. टीएस सोनवानी ने की। वहीं विशेष अध्यक्षता शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला डुमाघाट के सतीश कुमार यादव द्वारा की गई। कार्यक्रम अधिकारी सनत कुमार बघेल सहित महाविद्यालय के स्टाफ सदस्य डॉ. रेवचंद दंता, पंकज कुमार तिवारी, देवदत, मोहनिस बघेल, संगीता साहू, यशिका नामदेव, दिना नाथ उपस्थित रहे। शिविर में छै वालेंटियर विष्णुचरण सोना एवं लोकेश कुमार नायक की विशेष भूमिका रही। इसके अतिरिक्त अतिथि के रूप में श्री खितजी सोनवानी एवं बाल कृष्ण दुर्गा भी उपस्थित रहे।

**एनएसएस माजिक जिम्मेदारी की भावना को मजबूत करता है-** एनएसएस के प्रमुख उद्देश्य और लक्ष्य सामुदायिक जुड़ावरू समुदाय की आवश्यकताओं और समस्याओं को पहचानना और उनके समाधान के लिए काम करना। व्यक्तित्व विकासरू सामुदायिक सेवा के माध्यम से स्वयंसेवकों में नेतृत्व, आत्मविश्वास, और सामाजिक-नागरिक जिम्मेदारी विकसित करना। सामाजिक चेतनारू शिक्षित युवाओं और ग्रामीणध्वंचित समुदायों के बीच एक सेतु बनाना, जिससे वे वास्तविक जीवन की समस्याओं को समझें। कौशल विकास आपदा प्रबंधन, आपात स्थितियों, और सामुदायिक भागीदारी को संगठित करने में कौशल हासिल करना। राष्ट्रीय एकता विभिन्न पृष्ठभूमि के युवाओं के बीच राष्ट्रीय एकता, सामाजिक सद्भाव और लोकतांत्रिक दृष्टिकोण को बढ़ावा देना। व्यावहारिक ज्ञानरू किताबी ज्ञान का उपयोग सामाजिक समस्याओं के व्यावहारिक समाधान खोजने में करना। समापन अवसर पर मुख्य अतिथि यशवंत मरकाम ने स्वयंसेवकों के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि युवाओं को समाज में नशा मुक्ति एवं जागरूकता फैलाने के लिए सतत प्रयास करना चाहिए। अध्यक्षीय उद्बोधन में प्राचार्य डॉ. टी.एस. सोनवानी ने कहा कि एनएसएस शिविर छात्रों में सेवा, अनुशासन और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना को मजबूत करता है। कार्यक्रम के अंत में सभी स्वयंसेवकों को सहभागिता हेतु धन्यवाद ज्ञापित किया गया तथा समाज को नशामुक्त बनाने के लिए निरंतर जागरूकता अभियान चलाने का संकल्प लिया गया। यह जानकारी कार्यक्रम अधिकारी सनत कुमार, सहायक कार्यक्रम अधिकारी फाल्गुन सिंह नागेश एवं प्राचार्य डॉ. टीएस सोनवानी द्वारा दी गई।

### प्रत्येक माह की सात तारीख को मनाएंगे दिवस

## रोजगार दिवस पर लगी चौपाल, अब 100 नहीं 125 दिन का मिलेंगे काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

ग्राम पंचायत हरदी के आश्रित गांव डागनबाय में तालाब गहरीकरण निर्माण जमुना बाई संतराम के कार्य स्थल पर पहुंचकर मजदूरी रोजगार के दौरान प्रत्येक माह के 7 तरीक को रोजगार दिवस, आवास दिवस, चावल दिवस के रूप में रोजगार सहायक मीरा कंवर के द्वारा प्रतिमाह हितग्राही मजदूरों और ग्रामवासियों के मध्यम मनाया जाता है। इस अवसर पर रुपनाथ बंजारे अध्यक्ष उप सरपंच संघ छुरा व उप सरपंच ग्राम पंचायत हरदी एवं उपाध्यक्ष भाजपा मंडल छुरा ने हितग्राही मजदूरों को जानकारी देते हुए कहा की आपके बूथ क्रमांक 151 के अध्यक्ष रामरतन साहू के नेतृत्व में यह चौपाल कार्यक्रम आयोजित किया गया है। जिसमें बताते हुए प्रसन्नता हो रहा है कि भारत सरकार द्वारा नए विधेयक के अनुसार, अब



प्रत्येक ग्रामीण परिवार को 100 दिनों की जगह 125 दिनो के रोजगार की गारंटी देने का कार्य करेगी जिससे ग्रामीण परिवारों को अधिक काम और आय के अवसर मिल सकेंगे। इसके साथ ही मजदूरी भुगतान में भी अहम बदलाव किया गया है। मजदूरी भुगतान की जिम्मेदारी अब केंद्र सरकार और राज्य सरकारों के बीच साझा होगी। खेती के पीक सीजन के दौरान गारंटीड काम को अस्थायी रूप से रोकने का प्रावधान रखा गया है, ताकि कृषि गतिविधियां प्रभावित न हों। सबसे महत्वपूर्ण सुधार यह है कि अब मजदूरी का भुगतान 15 दिनों की बजाय साप्ताहिक आधार पर करने की योजना है, जिससे श्रमिकों को समय पर भुगतान मिल सके। इन बदलावों के जरिए सरकार का लक्ष्य विकसित भारत रोजगार और आजीविका गारंटी मिशन ग्रामीण को मजबूत करना है, ताकि यह योजना विकसित भारत 2047 के अनुरूप ग्रामीण विकास को गति दे सके। ग्रामीण भारत की आर्थिक नींव को मजबूत करने में अहम हिस्सा माना जाएगा। यह बिल केवल मजदूरी आधारित रोजगार तक सीमित नहीं है, बल्कि ग्रामीण इंफ्रास्ट्रक्चर, आजीविका सृजन, कौशल विकास और उत्पादक परिसंपत्तियों में निवेश के जरिए गांवों की स्थायी आय बढ़ाने का स्पष्ट रोडमैप पेश करता है। सरकार का लक्ष्य है कि वी बी जी राम जी के माध्यम से 2047 तक ग्रामीण क्षेत्रों को आत्मनिर्भर ,समृद्ध और आधुनिक अर्थव्यवस्था का मजबूत स्तंभ बनाया जाए, ताकि समग्र राष्ट्रीय विकास को गति मिल सके।उक्त कार्यक्रम में पंचायत सभापति शत्रुहन कंवर, रमन जगत, जयराम साहू, खेमचंद, तिलक साहू एवं इस दौरान बड़ी संख्या में महिलाएं -पुरुष व ग्रामवासी उपस्थित रहे।

